# कार्यालय महानिदेशक पुलिस राजस्थान, जयपुर

क्रमांक व–15(12) आवासन/2025/2010-14 दिनांक :– 22.05.2025

## कार्यालय आदेश

राजस्थान पुलिस आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा कराये जा रहे विभिन्न निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता तथा अनियमिताओं पर नजर रखने हेतु समस्त जिलों में गुणवत्ता प्रहरियों का पदस्थापन किया हुआ है।

अधोहस्ताक्षरकर्ता के ध्यान में आया है कि निगम द्वारा कराये जा रहें निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता एवं अनियमितता की उचित देख–रेख एवं पर्यवेक्षण, नहीं किये जाने से कार्य पूर्ण होने के कुछ समय पश्चात् ही कार्य की गुणवत्ता के संबंध में शिकायतें मिलती है जिससे स्पष्ट है कि गुणवत्ता संबंधी पर्यवेक्षण में कमी रही है जिसमें सुधार की आवश्यकता है।

अतः समस्त गुणवत्ता प्रहरियों को निर्देशित किया जाता है कि आप मरम्मत/निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का पूर्ण निष्ठा एवं कर्त्तव्यपरायणता के साथ पर्यवेक्षण करेगें एवं प्रतिमाह आधे से एक पृष्ठ की रिपोर्ट देंगे जिसमें उक्त माह में पर्यवेक्षित सभी प्रोजेक्ट्स अर्थात् प्रत्येक प्रोजेक्ट में किए गए कार्य और यदि उसमें कोई कमियां पाई गई हो अथवा किन्ही कठिनाईयों का सामना किया गया हो तो उनका संक्षिप्त विवरण अंकित करेंगे एवं सम्बन्धित कमियों/कठिनाईयों के निवारण के लिए किए गए प्रयास भी लिखेंगे। प्रोजेक्ट्स से सम्बन्धित इंजीनियर द्वारा उक्त स्थान/प्रोजेक्ट की उक्त माह में की गई विजिट दिनांक सहित अंकित करेंगे। उक्त रिपोर्ट इस कार्यालय की ई–मेल आईडी housingbranch.phq@raj.Police.gov.in पर प्रेषित करेंगे।

## प्रोफार्मा

| | |
|---|---|
| 1 | पर्यवेक्षित Site/Project |
| 2 | उक्त Site/Project में किया गया कार्य |
| 3 | प्रोजेक्ट में दृष्टिगत हुई कमी/कठिनाई |
| 4 | कमी/कठिनाई के निवारण हेतु किए गए प्रयास |
| 5 | सम्बन्धित इंजीनियर द्वारा विजिट नाम/दिनांक |

22/05/2025

(शंकर दत्त शर्मा)
उप महानिरीक्षक पुलिस
आवासन राजस्थान जयपुर

प्रतिलिपि निम्नाकित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है :–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदया आरपीआईडीसीएल, जयपुर
2. महाप्रबन्धक (तकनीकी) आरपीआईडीसीएल, जयपुर / GM - DGM
3. उपमहाप्रबन्धक (तकनीकी/एच.आर.), आरपीआईडीसीएल, जयपुर / GM AGM
4. समस्त सहायक महाप्रबन्धक आरपीआईडीसीएल, राजस्थान
5. समस्त राजस्थान गुणवत्ता प्रहरी आरपीआईडीसीएल, राजस्थान

उप महानिरीक्षक पुलिस
आवासन राजस्थान जयपुर

PDF Scanner ACE Scanner